दैनिक भास्कर

शेखावाटी भास्कर

दैनिक भास्कर | झुंझुनूं • नवलगढ़ • मुकुंदगढ़ • बड़ागांव • खिरोड़ | झुंझुनूं, शुक्रवार, 22 सितंबर, 2023 | 19

स्थापना दिवस • 30 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले सहकर्मियों को सेवा सम्मान पत्र भेंट किए गए, प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया

सीएसआईआर-सीरी में वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 का विमोचन किया

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन सेवारत वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की पिलानी, राजस्थान स्थित राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी) के 71वें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर के पूर्व निदेशक डॉ. संजय कुमार मुख्य अतिथि थे। राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रुमेन्टेशन लि., जयपुर के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोपड़ा समारोह के विशिष्ट अतिथि थे।

संस्थान की ओर से विकसित प्रमुख प्रौद्योगिकियों और उनके पोस्टरों का अवलोकन

अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने की। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित के रूप में ऋचा संजय कुमार तथा सीमा पंचारिया भी उपस्थित थीं। संस्थान के पूर्व व वर्तमान सहकर्मियों के अलावा प्रोफेसर एस के बराई, निदेशक, बिट्स-पिलानी, बिट्स पिलानी के रजिस्ट्रार कर्नल सौम्य चक्रवर्ती, आईआईएससी-बैंगलूरू के मानद प्रोफेसर डॉ राजन्ना, सीएसआईआर मुख्यालय से डॉ देवेन्द्र सिंह, स्थानीय शिक्षण व अन्य संस्थानों के गणमान्य अतिथियों तथा मीडिया कर्मियों के अतिरिक्त पिलानी के नागरिक भी उपस्थित थे।

विशिष्ट अतिथि राकेश चोपड़ा ने इस अवसर पर उन्हें आमंत्रित करने के लिए सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पंचारिया के प्रति आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व संस्थान के

पिलानी. वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन करते अतिथि।

निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि सहित सभागार में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने संस्थान की विगत वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों व पूर्ण की गई परियोजनाओं सहित वर्तमान में जारी शोध परियोजनाओं की जानकारी दी और भविष्य की योजनाओं का रोडमैप प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 का विमोचन किया गया तथा संस्थान में 10, 20, 25 तथा 30 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले सहकर्मियों को सेवा सम्मान पत्र भेंट किए गए।

सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पंचारिया ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य समारोह के उपरांत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने नए विज्ञान संग्रहालय में प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया तथा संस्थान द्वारा विकसित प्रमुख प्रौद्योगिकियों एवं उनके पोस्टरों का अवलोकन किया।

अंत में संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत कमांकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन संस्थान के डॉ. मनिन्दर कौर और डॉ. राजेन्द्र वर्मा ने किया।